दिनांक-30.06.2021
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाई निगम और जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनाया जाएगा डेंगू रोधी माह

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लार्वा स्रोत स्थलों की जांच एवं जागरूक करने किया घर घर संपर्क

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में घरों के कूलर व टंकी में डेंगू के लार्वा पाए जाने के बाद डेंगू से निपटने रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला हर गली मोहल्ले व घरों में लार्वा पनपने के स्रोत का सघनता के जांच कर टेमिफाॅस का छिड़काव कर रहे हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग और भिलाई निगम के अधिकारियों द्वारा आज कोहका के कृपाल नगर में लार्वा के स्रोत स्थलों की जांच करते हुए घर घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के लिए घर घर गृहभेंट कर जनसंपर्क किया गया एवं जागरूकता के लिए स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए पाम्प्लेटस भी बांटे गए। समझाईश के बाद भी अनावश्यक रूप से जलजमाव पाए जाने की स्थिति में संबंधित घर/प्रतिष्ठान के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी वार्डों में चल रहे कार्यो का फीडबैक लेते हुए निरीक्षण भी कर रहे है।

नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्र में डेंगू को प्राथमिक स्तर पर रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है , कार्यक्रम की जानकारी लेने आज जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम भिलाई निगम क्षेत्र में निरीक्षण किए। जोन 01 कार्यालय में बैठक लिया जिसमें आगामी जुलाई को डेंगू रोधी माह मनाया जाएगा। जुलाई माह में युद्वस्तर पर कार्य के लिए बनाई गई रणनीति के तहत 01 जुलाई को जोन 03 से वार्ड 25 संतोषी पारा एवं जोन 04 बालाजी नगर से इसकी शुरूआत की जाएगी। बैठक में डेंगू नियंत्रण नोडल अधिकारी अशोक द्विवेदी ने निगम क्षेत्र में संचालित सभी निजी चिकित्सालय/क्लीनिक/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों विशेषकर टायर की दुकानों में बारिश के मौसम में डेंगू के लार्वा के संभावित मच्छर लार्वा उत्पत्ति स्थलो की सतत निगरानी रखने एवं निगम की गठित टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान मच्छर के लार्वा पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु जोन स्तर पर नोटिस जारी करने एवं कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया। इस दौरान जोन 01 आयुक्त मनीष गायकवाड़ , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, सहा. स्वा. अधि. जावेद अली , वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह , जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जिला मेलेरिया अधिकारी डाॅ. सीबीएस. बंजारे , लक्की दुबे, समरेश पटेरिया और उनकी टीम उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी